प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अगले वित वर्ष के बजट के लिए विधायक प्राथमिकता बैठकें आज से शुरू–पहले दिन आठ जिलों के विधायक अपने क्षेत्रों की बजट प्राथमिकताएं करेंगे प्रस्तुत
- विधायक निधि व एच्छिक निधि न मिलने और पिछले बजट प्राथमिकताओं की अनदेखी पर नाराज भाजपा विधायक दल आज राज्यपाल को सौंपेगा ज्ञापन
- भाजपा सांसदों ने केंद्रीय बजट और आरडीजी पर कांग्रेस के आरोपों को बताया निराधार–कहा–केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में प्रदेश को दी भरपूर आर्थिक मदद

प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद सुबह 10 बजे परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के तनाव पर चर्चा करना और परीक्षाओं को एक उत्सव व जीवन के एक ज़रूरी हिस्से के तौर पर मनाना है। इस साल परस्पर संवादात्मक सत्र देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर एग्जाम वॉरियर्स के साथ होंगे। शिक्षा मंत्रालय ने बताया है कि माईगॉव पोर्टल के ज़रिए इस कार्यक्रम के लिए चार करोड़ पचास लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। यह कार्यक्रम दूरदर्शन, प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

विधायक प्राथमिकता बैठक

प्रदेश में वर्ष 2026–27 के बजट के लिए दो दिवसीय विधायक प्राथमिकता बैठकें आज से प्रदेश सचिवालय में आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में आज प्रदेश के आठ जिलों के विधायक अपने–अपने क्षेत्र की बजट प्राथमिकताएं रखेंगे। बैठक का उद्देश्य आगामी वार्षिक बजट में प्रदेश की विकास परियोजनाओं के लिए विधायकों के सुझाव लेना है, जिसके आधार

पर आगामी बजट में सभी विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े विकास कार्यों, जनहित की मांगों और स्थानीय जरूरत को बजट में शामिल करने की रूपरेखा तय की जाएगी।

भाजपा विधायक दल

विधायक निधि और एच्छिक निधि न मिलने से भाजपा विधायकों में रोष है। इसके लिए भाजपा विधायक दल ने कल देर शाम एक बैठक कर आगामी रणनीति बनाई है। आज से शुरू होने वाली विधायक प्राथमिकताओं की बैठक से पहले ही भाजपा विधायक दल लोक भवन शिमला में राज्यपाल से मिलेगा और विधायक क्षेत्र विकास निधि और एच्छिक निधि को तुरंत जारी करने की मांग करेगा। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने बताया कि बीते अक्तूबर महीने से विधायक क्षेत्र निधि जारी नहीं हुई है, जिससे विधायकों में रोष है।

समझौता मुख्यमंत्री

प्रदेश ने 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसका उद्देश्य नवीकरणीय स्रोतों के माध्यम से अपनी ऊर्जा मांग का 90 प्रतिशत से अधिक पूरा करना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण समझौता राज्य सरकार और मैसर्ज जियोट्रॉपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच प्रदेश में जियोथर्मल ऊर्जा की संभावनाओं को तलाशने हेतु कल हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सतत् ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल में जियाथर्मल ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं जिनका दोहन करके पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम की जा सकती है।

अनुराग सिंह ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में हिमाचल प्रदेश को भरपूर आर्थिक मदद प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी और बजट को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं और कांग्रेस जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कल नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश के भाजपा सांसदों सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, हर्ष महाजन और डॉक्टर सिकंदर कुमार के साथ आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ये बात कही। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट में हिमाचल का डेवोल्यूशन घटा नहीं बल्कि बढ़ा है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से पहाड़ी राज्यों में मीठे पानी के संसाधनों के स्रोतों के बढ़ते संकट पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और नॉर्थ ईस्ट के पहाड़ी राज्यों में जल स्रोतों के घटने का मुद्दा उठाया। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र एक गहराते पारिस्थितिक संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि इसके लगभग 50 प्रतिशत स्रोत सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, सामरिक और आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सरकार से कठोर निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि भविष्य के लिए इन सूखते जल स्रोतों को बचाया जा सके।

अनिरूद्ध

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायती राज चुनावों से डर नहीं रही है बल्कि राज्य में आई प्राकृतिक आपदा के चलते डिजास्टर एक्ट लागू है। सोलन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में अभी भी कई सड़क मार्ग बंद हैं जिस कारण ये चुनाव नहीं करवाए जा रहे हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–स्कूलों में छात्रों के मोबाइल लाने पर एक मार्च से रोक। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–एशियन गेम्स खेलने वाली हिमाचली बेटियों को मिलेगी नौकरी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने किया ऐलान। पंजाब केसरी और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–आर.डी.जी. बहाली के लिए प्रोटोकॉल तोड़कर प्रधानमंत्री से मिलने को तैयार। दैनिक भास्कर ने खबर दी है–हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन में अब नहीं दरकेंगे पहाड़–स्लोप स्टेबलाइजेशन तकनीक से रिस्की ढलानों पर मेटल नेट लगाए जा रहे। मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–उंचाई वाले क्षेत्रों में आज बारिश–बर्फबारी की संभावना।

मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अगले वित वर्ष के बजट के लिए विधायक प्राथमिकता बैठकें आज से शुरू–पहले दिन आठ जिलों के विधायक अपने क्षेत्रों की बजट प्राथमिकताएं करेंगे प्रस्तुत
- विधायक निधि व एच्छिक निधि न मिलने और पिछले बजट प्राथमिकताओं की अनदेखी पर नाराज भाजपा विधायक दल आज राज्यपाल को सौंपेगा ज्ञापन

- भाजपा सांसदों ने केंद्रीय बजट और आरडीजी पर कांग्रेस के आरोपों को बताया निराधार–कहा–केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में प्रदेश को दी भरपूर आर्थिक मदद